PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त) रविवार, 11 अक्टूबर 2026

■वर्ष : 01 ■अंक : 01 ■ अलीगढ़, रविवार 11 अक्टूबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

Aligarh News: शहर में अब 50 ई-बसों से आसान होगा सफर

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर विकास विभाग की ओर से नगर निगम को 25 नई ई-बसें दी जाएंगी। इसके बाद शहर में ई-बसों की संख्या 50 हो जाएगी। नई बसों के संचालन से यात्रियों का सफर आसान होगा।

इन बसों के संचालन से सासनी गेट से मेडिकल कॉलेज रोड, सारसौल से एटा चुंगी वाया मंजूरगढ़ी समेत कई नए रूटों पर यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। दो महीने के अंदर नई ई-बसों के संचालन की तैयारी है।

शहर में अभी 20 ई-बसें सारसौल-पनैठी, सारसौल-हरदुआगंज, खेरेश्वर चौराहा-पनैठी और सारसौल-सासनीगेट मार्ग संचालित की जा रही हैं। पांच रिजर्व में रखी जाती हैं। नई ई-बसें मिलने के बाद उन मार्गों पर भी संचालन की योजना है, जहां यात्रियों की संख्या अधिक है या अब तक बस सेवा उपलब्ध नहीं है।

नगर निगम की योजना के तहत सारसौल-सासनीगेट-आगरा कट, सासनीगेट-मेडिकल कॉलेज और सारसौल-एटा चुंगी वाया मंजूरगढ़ी मार्ग पर भी बसें चलाई जाएंगी। रूटों का अंतिम निर्धारण होने के बाद ई-बसों की समय-सारणी तय की जाएगी।

ऑटो और ई-रिक्शा पर निर्भरता होगी कम

शहर में सार्वजनिक परिवहन के सीमित विकल्पों के कारण कई मार्गों पर यात्रियों को ऑटो और ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ता है। नई ई-बसें चलने से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा और रोजाना सफर करने वालों को राहत मिलने की उम्मीद है।

शहर में 26 ठहराव स्थल प्रस्तावित

ई-बसों के संचालन के लिए शहर में 26 ठहराव स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें फलमंडी, सारसौल पुलिस चौकी, टीवीएस चौराहा, मेलरोज, तहसील तिराहा, मसूदाबाद, रेलवे स्टेशन, गांधीपार्क, मदारगेट, सासनीगेट, अलीगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, नौरंगाबाद, एटा चुंगी, धनीपुर मंडी, दुबे का पड़ाव, क्वार्सी और तालानगरी समेत अन्य स्थान शामिल हैं।

रघुवर उतरे सरयू पार, अचल सरोवर पर गूंजी जय-जयकार

चारों ओर बिखरी सतरंगी आभा, जगमगाता अचल सरोवर और गूंजते जय श्रीराम के जयकारे। शनिवार शाम श्रीरामलीला महोत्सव के तहत सरयू पार लीला के मंचन के हजारों श्रद्धालु गवाह बने। अलीगढ़ के साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग लीला देखने पहुंचे। अचल सरोवर में चल रही नाव में जैसे ही श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के स्वरूप सवार हुए तो त्रेतायुग की झांकी साकार हो उठी।श्री गोशाला कमेटी की ओर से आयोजित लीला में प्रभु श्रीराम, माता सीता और अनुज लक्ष्मण के स्वरूपों के सरयू तट पर पहुंचते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। प्रभु की एक झलक पाने के लिए दर्शक आतुर नजर आएइससे पूर्व श्रीराम और केवट के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। केवट ने प्रभु से कहा कि वे लोगों को भवसागर से पार लगाते हैं और वह नदी पार कराता है। जब दोनों का काम ही लोगों को पार लगाना है, तो वह प्रभु से उतराई कैसे ले सकता है। केवट की भक्ति और समर्पण का यह दृश्य देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।अचल सरोवर की छटा ने मोहा मनसरयू पार लीला के लिए दुल्हन की तरह सजे अचल सरोवर परिसर की अविरल छटा पर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे इस नजारे को मोबाइल फोन में कैद करते हुए व झांकियों के साथ सेल्फी लेते नजर आए।आरती व पूजन के साथ शुभारंभप्रभु श्रीराम का पूजन व आरती एसपी सिटी आदित्य बंसल, राजेश मित्तल, रसिक बिहारी रसिक टावर, राजीव अग्रवाल, संदीप अग्रवाल ने किया। अचल सरोवर पर महापौर प्रशांत सिंघल, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने प्रभु श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की आरती कर सरयू पार लीला का शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष विमल अग्रवाल, सचिव अरविंद , टीएन मित्तल एडवोकेट, अन्नू बीड़ी, ऋषभ गर्ग, विक्रांत गर्ग, संयम पाराशर आकाश अग्रवाल, सीए पीयूष अग्रवाल, राजेश गर्ग, अर्जुन गोविल, भव्य अग्रवाल, पवन अग्रवाल , कमल अरोड़ा आदि थे।

यूपी फतह के लिए भाजपा का गुजरात फॉर्मूला

उत्तर प्रदेश में एंटी इंकम्बेंसी को मात देकर जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने टिकट वितरण के मामले में सफल गुजरात फार्मूला अपनाने के संकेत दिए हैं। पार्टी ने इस बार बीते चुनाव की तुलना में वर्तमान विधायकों को दोबारा मैदान में उतारने के मामले में और कंजूसी बरतने का संकेत दिया है। आगामी चुनाव में पार्टी ने बीते चुनाव का 32 फीसदी की तुलना में 40 फीसदी से अधिक विधायकों का टिकट काटने का मन बनाया है। राज्य की चुनावी रणनीतिक टीम से जुड़े सदस्य ने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव की गलतियों से सबक लेते हुए सख्ती से गुजरात फार्मूला लागू करेगी। आंतरिक सर्वे में 124 विधायकों की रिपोर्ट ठीक नहीं है। इनमें से 40 फीसदी ऐसे विधायक हैं जो कम से कम दो बार चुनाव जीत चूके हैं। जिनकी रिपोर्ट खराब हैं, उन्हें टिकट मिलना बेहद मुश्किल है। बीते लोकसभा चुनाव में 49 मौजूदा सांसदों पर भरोसा करना पार्टी को भारी पड़ा था। पार्टी इनमें से महज 17 सीटें ही जीत पाई, जबकि बीते विधानसभा चुनाव में गठबंधन ने जिन 104 सीटिंग सीटों पर उम्मीदवार बदले, उनमें से 80 फीसदी सीटों पर जीत हासिल हुई।आंतरिक सर्वे में सौ से अधिक विधायक ऐसे भी हैं जिनकी रिपोर्ट संतोषजनक है। पार्टी सूत्र ने कहा कि महज सख्ती की धारणा बनाने के लिए ही टिकट नहीं काटा जाएगा। इसके लिए पार्टी के पास मजबूत आधार होगा। वह इसलिए कि बीते चुनाव में आंतरिक सर्वे के आधार पर ही गठबंधन ने 214 विधायकों पर पुन: भरोसा जताया था। इनमें से 170 विधायक फिर से जीत दर्ज करने में सफल रहे।पार्टी का मानना है कि लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए टिकट वितरण में सावधानी बरतना सबसे अहम है। मसलन गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनाव में करीब 23 फीसदी विधायकों के ही टिकट काटे, फलस्वरूप पार्टी की सीटों की संख्या 115 से घट कर 99 रह गई।हालांकि 2022 के चुनाव में पार्टी ने 99 में से जिन 45 सीटों पर विधायकों के टिकट काटे, उनमें 43 सीटों पर जीत मिली और सीटों की संख्या 99 से बढ़कर 156 हो गई।

तीन दिन की बच्ची को लेकर स्कूटी से फरार हुई महिला

\एसीपी दीक्षा सिंह के मुताबिक, आरोपी महिला की पहचान बागपत निवासी उपासना के रूप में हुई है। उसने वारदात को अंजाम देने के लिए करीब नौ दिन पहले भंगेल में किराये पर कमरा लिया था।बहन की सूनी गोद भरने के लिए एक महिला ने तीन दिन की नवजात बच्ची की चोरी की साजिश रच डाली। बहन की शादी को नौ साल बीत चुके थे, लेकिन उसकी कोई संतान नहीं थी। इस वजह से परिवार को लोगों के ताने सुनने पड़ते थे। इसी परेशानी के चलते आरोपी महिला ने अस्पताल में जन्मी बच्ची को बहन को देने की योजना बनाई। सेक्टर-110 स्थित मैटरनिटी चाइल्ड अस्पताल से नवजात को चोरी करने के मामले में पुलिस ने महिला और उसकेभाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद की है।एसीपी दीक्षा सिंह के मुताबिक, आरोपी महिला की पहचान बागपत निवासी उपासना के रूप में हुई है। उसने वारदात को अंजाम देने के लिए करीब नौ दिन पहले भंगेल में किराये पर कमरा लिया था। इसके बाद वह दिल्ली के करावल नगर निवासी अपने भाई कपिल के साथ अस्पताल पहुंची। दोनों स्कूटी से नवजात को लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने शुक्रवार रात दिल्ली से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। भंगेल निवासी गौतम नंदन कैब चलाते हैं। उनकी पत्नी सपना ने छह अक्तूबर को अस्पताल में ऑपरेशन से बेटी को जन्म दिया था। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गौतम पत्नी को लेकर चिकित्सक के पास गए थे। इस दौरान बच्ची की देखभाल उसकी दादी रक्षा देवी कर रही थीं। आरोप है कि इसी बीच वहां मौजूद महिला बच्ची को संभालने के बहाने उसे लेकर चली गई। कुछ देर बाद बच्ची न हीं मिली तो परिवार ने अस्पताल में तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। फेज-दो थाना पुलिस ने तत्काल टीमें गठित कर जांच शुरू की। अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को अहम सुराग मिले। इनके आधार पर टीम दिल्ली पहुंची और नवजात को सुरक्षित

आज से, एक घंटा दो मिनट रहेगा द्विपुष्कर योग

शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो रहे हैं। कलश स्थापना का मुख्य मुहूर्त सुबह 6:19 बजे से 10:12 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजित मुहूर्त दोपहर 11:44 बजे से 12:31 बजे तक है। नवरात्र को लेकर शहर से लेकर देहात तक देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भक्तों ने पूर्व संध्या पर बाजारों में व्रत और पूजन सामग्री की खरीदारी की।ज्योतिषाचार्य हृदय रंजन शर्मा ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसे सुख-समृद्धि का शुभ संकेत माना जाता है। आश्विन मास की प्रतिपदा पर देवगुरु बृहस्पति और चंद्रमा की युति से गजकेसरी राजयोग बन रहा है। इसे ज्योतिष में फलदायी योग माना जाता है। उन्होंने बताया कि नवरात्र पर द्विपुष्कर योग भी बन रहा है।

इसका समय रात 9:30 बजे से 10:32 बजे तक रहेगा। मान्यता है

कि इस योग में किए गए शुभ कार्यों का दोगुना फल मिलता है।

नौ दिन-नौ रूप

- पहला दिन - मां शैलपुत्री
- दूसरा दिन- मां ब्रह्मचारिणी
- तीसरा दिन- मां चन्द्रघंटा
- चौथा दिन- मां कूष्माण्डा
- पांचवा दिन-स्कंदमाता
- छठा दिन-मां कात्यायनी
- सातवां दिन-मां कालरात्रि
- आठवां दिन-मां महागौरी
- नौवां दिन-मां सिद्धिदात्री

मंडी में रात काट रहे किसान, फिर भी नहीं बिक रहा धान

धान बेचने के लिए किसान मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद की सुस्त रफ्तार और अव्यवस्थाओं के चलते उनकी परेशानी कम नहीं हो रही है। मंडी में वाहनों की लंबी कतारों का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा।अलीगढ़ की धनीपुर मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। दो दिन मंडी बंद रहने के बाद शुक्रवार देर रात मंडी खुलते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों की पूरीरात मंडी में इंतजार करते ही बीती, लेकिन सुबह भी धान नहीं बिक सका। रातभर धान से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें लगी रहीं। उधर, किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मंडी में ही दिन और रात काट रहे किसानों के सामने खाने-पीने से लेकर आराम तक का संकट है। उपज नहीं बिकने से उनकी चिंता बढ़ती जा रही है। धान बेचने के लिए किसान मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद की सुस्त रफ्तार और अव्यवस्थाओं के चलते उनकी परेशानी कम नहीं हो रही है। मंडी में वाहनों की लंबी कतारों का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। सड़क पर वाहनों की भीड़ बढ़ने से आवागमन प्रभावित हुआ और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। धान बेचने के लिए मंडी पहुंचे किसानों को खरीद शुरू होने और अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें समय के साथ अतिरिक्त परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। आढ़ती तनिष्क प्रताप सिंह व यश गोयल के अनुसार धान की कीमत में पिछले तीन-चार दिन में 300 रुपये से 400 रुपये तक प्रति क्विंटल की गिरावट आई है

दिपके, सौरव और रांका शर्तों पर रिहा

जंतर-मंतर की ओर आज फिर सीजेपी का कूच; पढ़ें अपडेट्स

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आंदोलन जारी रखने का एलान किया है। सीजेपी के अंजिक्य शिंदे ने कहा कि जब तक सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, आज दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशन खुले हैं। मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट खुले रहेंगे। दोपहर दो बजे सीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंससीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका का कहना है, 'हम दोपहर दो बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।' मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया है। तीनों को इस शर्त पर रिहा कियागया है कि वे एक साल तक शांति भंग नहीं करेंगे।कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आंदोलन दूसरे दिन भी जारी है। आज चार प्रदर्शनकारियों को डीडीयू मार्ग से और दो-तीन को अशोक रोड से हिरासत में लिया गया है। भगवान दास रोड पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है।कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली कैंट पुलिस स्टेशन में कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। सीजेपी की लीगल हेड रत्ना सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव और आशुतोष को रिहा कर दिया है। आज दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशन खुले हैं। मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट खुले रहेंगे। और ट्रेनें तय समय के अनुसार चलेंगी।यूट्यूबर ध्रुव राठी को रिहा कर दिया गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में हिरासत में लिए गए ध्रुव राठी को देर रात रिहा कर दिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए यूट्यूबर ध्रुव राठी को शनिवार देर रात रिहा कर दिया गया। दिल्ली कैंट पुलिस स्टेशन के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है

मां पाटेश्वरी के दरबार में सीएम योगी ने नवाया शीश

बलरामपुर में देवीपाटन धाम में पूजा अर्चना करके सीएम योगी ने शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से कहा कि जिले के लिए विकास योजनाओं के प्रस्ताव भेजें, बजट की देरी नहीं होगी। आगे पढ़ें विस्तार से...

शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को बलरामपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने मां के पांव पखारे, आरती उतारी और गोसेवा करके प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान सीएम ने बलरामपुर को विकास के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाने और जिले की सुरक्षा एवं तरक्की के संकल्प को दोहराया। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। जनहित से जुड़े प्रस्ताव शासन को भेजने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के लिए बजट आवंटन में देरी नहीं होगी। जरूरत के मुताबिक योजनाएं तैयार होंगी तो उनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचेगा।सीएम योगी ने कहा कि बलरामपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले को विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के लिए युवाओं को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने होंगे। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है। अन्य विभागों को भी इसी दिशा में काम करना चाहिए, ताकि युवाओं को उनकी रुचि और जरूरत के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।उन्होंने कहा कि युवाओं की क्षमता का सही उपयोग जिले की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को नई गति दे सकता है। इसके लिए विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाएं

बोले-जनता मोदी और बीजेपी के साथ

हालिया चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की जीत पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार जो भी काम करेगी, वह निश्चित रूप से अच्छा ही होगा। हालिया चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की जीत पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सरकार जो भी काम करेगी, वह निश्चित रूप से अच्छा ही होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के साथ है, क्योंकि जनता विकास का समर्थन करती है।हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को प्रसिद्ध नारायणी शिला में पहुंचकर अपने पितरों के निमित्त तर्पण श्राद्ध किए। वह निरंतर 12 वर्षों से इसी स्थान पर आकर यह अनुष्ठान पं. मनोज त्रिपाठी की मौजूदगी में संपन्न करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जनता कांग्रेस के साथ होती, तो कांग्रेस चुनाव जीतने का प्रयास करती। उनके अनुसार, कांग्रेस चुनाव हारने के बाद सरकार को ब्लैकमेल करने की कोशिश करती है। टिप्पणी करते हुए कहा कि उन लोगों के बारे में बात करने का कोई फायदा नहीं, जो खुद को कॉकरोच कहते हैं।असम सीएम ने कहा कि हमें उन लोगों की बात करनी चाहिए जो खुद को युवा और युवा शक्ति बताते हैं। उन्होंने विपक्ष के आंदोलनों में शामिल लोगों की संख्या पर भी सवाल उठाया। कहा कि भारत में 140 करोड़ जनता है, लेकिन विपक्ष के साथ कितने लोग गए हैं, यह विचारणीय है। हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्ष के एकजुट होने के प्रयासों को केवल एक तमाशा बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष तब ऐसा तमाशा करता है, जब वे पूरी तरह से हताश हो जाते हैं। उनके सामने कोई ठोस विकल्प नहीं होता और लोगों में उनका सम्मान भी नहीं होता।उन्होंने इस तरह के विरोध प्रदर्शनों को महत्वहीन बताया। कहा कि विपक्ष की ऐसी कोशिशों से सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को लगातार जनता का काम करते रहना चाहिए। ऐसा करने से जनता अपना आशीर्वाद देती रहेगी और समर्थन बनाए रखेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि इन सब बातों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

आतंकी भी कर रहे नीले ड्रम का इस्तेमाल

बारामुला जिले के सोपोर स्थित मुकाम चेरहार के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने एके-47, एके-76, चार पिस्तौल, 11 हैंड ग्रेनेड और तीन आईईडी समेत हथियारों व विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद किया।जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर जंगल में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला। इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी।बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर (एमजीएल) और 11 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं।तलाशी के दौरान रिमोट कंट्रोल के साथ तीन आईईडी, आठ डेटोनेटर, दो टाइमर, वाई-एसएमएस सेट, प्राइमाकॉर्ड, तार, बैटरी सेल और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। संदिग्ध विस्फोटक सामग्री की जांच और उसे सुरक्षित तरीके से संभालने के लिए बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री को सभी जरूरी सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है। सोपोर के पुलिस स्टेशन बोमई में एफआईआर नंबर 66/2026 दर्ज की गई है। इसमें यूएपीए की धारा 13, 18, 20 और 23, आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 लगाई गई हैं।फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार और विस्फोटक किसने छिपाए थे, इ नका स्रोत क्या है और क्या इनका किसी आतंकी संगठन से संबंध है।

हिसार से जयपुर के लिए नहीं भरी उड़ान

इसी महीने हिसार से अहमदाबाद तथा हिसार से जम्मू के लिए हवाई सेवाएं शुरु करने की तैयारी चल रही है। जिसको लेकर कंपनी की ओर से औपचारिक एलान नहीं किया गया है।एलायंस क्राफ्ट में तकनीकी खामी के चलते शनिवार को जयपुर के लिए उड़ान नहीं भरी गई। रविवार को अयोध्या- हिसार रूट पर उड़ान को लेकर भी अभी स्थिति साफ नहीं है। इससे पहले शुक्रवार को हिसार से चंडीगढ़ के लिए उड़ान नहीं मिली थी। जिसके चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। एलायंस कंपनी के 70 सीटर विमान में शुक्रवार को तकनीकी खामी मिली थी। जिसके बाद शुक्रवार को हिसार से अयोध्या व चंडीगढ़ की फ्लाइट को स्थगित कर दिया गया था। इसी विमान को शनिवार को जयपुर से हिसार तथा हिसार से वापस जाना था। शनिवार सुबह यात्रियों को उड़ान कैंसिल होने के मैसेज भेजे गए।एलायंस कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि शनिवार को जयपुर से उड़ान भर कर उसे दोपहर 2.25 पर हिसार में लैंड करना था। इसके बाद यही विमान वापस 2.50 पर जयपुर के लिए उड़ान भरने वाला था। सुबह ही मुख्यालय की ओर से फ्लाइट कैंसिल होने का मैसेज आया था। जिसके बाद सभी यात्रियों को इस बारे में अवगत कराया गया। विमान को दिल्ली में भेजा गया है। जहां ग्राउंड स्टाफ उसकी जांच व मेंटीनेंस कर रहा है।रविवार को दिल्ली से हिसार, हिसार से अयोध्या, अयोध्या से हिसार तथा इसके बाद वापस दिल्ली की फ्लाइट प्रस्तावित है। अभी तक इन उड़ान को लेकर भी कोई मैसेज नहीं है। रविवार को भी उड़ान स्थगित रहने की आशंका जताई गई है।इसी महीने हिसार से अहमदाबाद तथा हिसार से जम्मू के लिए हवाई सेवाएं शुरु करने की तैयारी चल रही है। जिसको लेकर कंपनी की ओर से औपचारिक एलान नहीं किया गया है। दरसअल कंपनी अपने खर्च बचाने को लेकर एयरक्राफ्ट को दिल्ली के हैंगर में ही रखना चाह रही है। जिसके चलते अभी शेडयूल घोषित नहीं हो पाया है।

उत्तराखंड मौसम अपडेट: पहाड़ों में बदला-बदला रहेगा मौसम

अक्तूबर की शुरुआत से बदले मौसम का सिलसिला फिलहाल कुछ और दिन जारी रहेगा। हालांकि मैदानी इलाकों में बारिश और तूफान से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है।केंद्र की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 11 अक्तूबर को पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो करीब चार दिन बाद देहरादून का तापमान सामान्य हो पाया है। बीते दिनों लगातार बारिश और तूफान के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी। शनिवार को यहां का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री के साथ सामान्य रहा। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 19.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसके उलट पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और हल्का कोहरा छाने व हवाओं के चलने से दिन के तापमान में सामान्य से नीचे रहा। आने वाले दिनों की बात करें तो 16 अक्तूबर तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश व हवाओं के चलने से ठंड बढ़ने के आसार हैं।आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने नौ अक्तूबर को हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर फसलों, जन-धन और परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का आकलन करने को कहा है।मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि आपदा प्रभावितों को समय पर राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारियों को नुकसान का वास्तविक आकलन कर पात्र प्रभावितों को निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा और आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैंइसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल स्थलीय सर्वेक्षण करने को कहा गया है। फसलों, पशुधन, आवासीय भवनों और अन्य परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का भी आकलन किया जाएगा। सचिव विनोद कुमार सुमन के निर्देश पर उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार पुनेठा ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। इसमें नौ अक्तूबर की बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का विवरण संकलित कर

नेपाल में कुदरत का कहर बुढ़ी गंडकी नदी में अचानक आई बाढ़

नेपाल के गोरखा जिले में बुढ़ी गंडकी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से कई मकान बह गए। अधिकारियों को शक है कि भूस्खलन के कारण नदी का बहाव रुका और अस्थायी बांध टूटने से अचानक बाढ़ आई। चुमलिंग और लोकपा समेत कई बस्तियों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बुढ़ी गंडकी नदी ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के साथ तेज बहाव में मिट्टी और मलबा भी आने लगा, जिससे नदी किनारे बने कई मकान बह गए। अचानक आई इस बाढ़ से आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी जारी की है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा के मुताबिक, शुरुआती रिपोर्ट में पता चला है कि चुमनुब्री ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में सिउरिबास के ऊपर की ओर भूस्खलन हुआ है। इसके बाद नदी में अचानक पानी और मलबे का बहाव बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों को मिली जानकारी के अनुसार, जगत इलाके में नदी के किनारे बसे पांच से सात मकान बह गए हैं। इसके अलावा नदी के निचले हिस्से में भी कुछ अन्य घरों के बहने की खबर मिली है। प्रशासन मौके से लगातार जानकारी जुटाने में लगा है, ताकि नुकसान की सही तस्वीर सामने आ सके।स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, रविवार तड़के करीब चार बजे से ही बुढ़ी गंडकी नदी का पानी तेजी से बढ़ने लगा था। नदी का बहाव इतना तेज हो गया था कि उसकी आवाज दूर तक सुनाई दे रही थी। चुमनुब्री ग्रामीण नगरपालिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नारायण सापकोटा ने बताया कि उग्युलुंग और स्यार नालों में भी पानी का स्तर अचानक बढ़ गया था। इस घटनाक्रम ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी और प्रशासन को तुरंत सतर्क होना पड़ा।नदी में अचानक आई बाढ़ की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन को शक है कि चेकेम्पार इलाके में नदी का बहाव किसी वजह से रुक गया होगा। अधिकारियों की आशंका है कि भूस्खलन के कारण नदी में मलबा जमा होने से अस्थायी बांध जैसी स्थिति बन गई हो और बाद में उसके टूटने से पानी एक साथ तेजी से नीचे की ओर बह निकला हो। फिलहाल यह केवल शुरुआती आशंका है। बाढ़ आने की असली वजह का पता जांच और मौके से मिलने वाली जानकारी के बाद ही चल सकेगा।नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव की खबर फैलते ही नदी किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोग अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे। चुमलिंग और लोकपा समेत आसपास की बस्तियों में लोगों ने एहतियातन घर छोड़ दिए। प्रशासन की ओर से भी लोगों को नदी से दूर रहने और ऊंचाई वाले सुरक्षित इलाकों में जाने की सलाह दी गई, ताकि अचानक पानी बढ़ने की स्थिति में किसी की जान खतरे में न पड़े।नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (NDRRMA) के बाढ़ पूर्वानुमान विभाग ने रविवार सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर अलर्ट जारी किया। चेतावनी में बताया गया कि बुढ़ी गंडकी नदी में चुमनुब्री ग्रामीण नगरपालिका-6 की ओर से बड़ा बाढ़ का प्रवाह आ रहा है। लोगों से कहा गया कि बाढ़ का पानी गुजरने तक त्रिशूली दोभान तक नदी के आसपास न जाएं और सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर रहें। प्रशासन ने समय रहते लोगों को खतरे से आगाह करने के लिए यह संदेश जारी किया।हालात की गंभीरता को देखते हुए आरुघाट स्थित क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय ने भी सुरक्षा संबंधी सलाह जारी की। नदी किनारे रहने वाले लोगों तक चेतावनी पहुंचाने के लिए लाउडस्पीकर का सहारा लिया गया और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया। प्रशासन की कोशिश है कि नदी का जलस्तर बढ़ने से किसी तरह की जनहानि न हो। फिलहाल अधिकारी लगातार हालात पर नजर रखे हुए हैं और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है।

पुतिन से तेल का सौदा कर फंसे ट्रंप



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तीन लाख टन डीजल की आपूर्ति का समझौता करने के ट्रंप के एलान के बाद अमेरिकी संसद में विरोध तेज हो गया है। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने रूस से तेल की खरीद रोकने के लिए द्विदलीय विधेयक लाने की घोषणा की है, जिसे रिपब्लिकन सांसद डॉन बेकन का समर्थन मिला है।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तेल का सौदा करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले ने अमेरिका की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। ट्रंप के इस कदम के खिलाफ अब उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सांसद भी खड़े होने लगे हैं। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने साफ कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीदने पर रोक लगाने के लिए एक नया विधेयक लाएंगे। खास बात यह है कि इस मुहिम को डेमोक्रेटिक सांसदों के साथ-साथ रिपब्लिकन नेताओं का भी समर्थन मिल रहा है। हालांकि, प्रतिनिधि सभा का मौजूदा कार्यकाल जनवरी में खत्म होने वाला है, इसलिए इस विधेयक के कानून बनने की राह आसान नहीं दिख रही।रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा है कि वह रूस से तेल की किसी भी तरह की खरीद पर रोक लगाने के लिए एक ऐसा विधेयक पेश करेंगे, जिसे दोनों पार्टियों का समर्थन हासिल होगा। फिट्जपैट्रिक कांग्रेस के यूक्रेन कॉकस के सह-अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस विधेयक का नाम 'रोनाल्ड रीगन पीस थ्रू स्ट्रेंथ एक्ट' रखा जाएगा।फिट्जपैट्रिक के मुताबिक, वह इस विधेयक को सदन के पटल पर लाने के लिए डिस्चार्ज प्रक्रिया का इस्तेमाल करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत पर्याप्त सांसदों के समर्थन से किसी विधेयक को संबंधित समिति की मंजूरी के बिना भी सदन में चर्चा और मतदान के लिए लाया जा सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह विधेयक भारी बहुमत से पारित होगा।फिट्जपैट्रिक की इस पहल को रिपब्लिकन सांसद डॉन बेकन का भी समर्थन मिला है। नेब्रास्का से सांसद बेकन ने कहा कि वह इस विधेयक के शुरुआती सह-प्रायोजकों में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर अपना रुख साफ करना चाहिए और मजबूती से खड़ा होना चाहिए। बेकन ने यह भी साफ किया है कि वह तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव में दोबारा अपनी किस्मत नहीं आजमा रहे हैं। ऐसे में ट्रंप के रूस से तेल खरीदने के फैसले के खिलाफ रिपब्लिकन खेमे से उठ रही आवाज को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने एलान किया था कि रूस अमेरिका और वैश्विक बाजार को तुरंत तीन लाख टन डीजल की आपूर्ति करेगा। इस समझौते की खबर सामने आते ही अमेरिकी संसद में हलचल मच गई। इस सौदे ने इसलिए भी विवाद खड़ा कर दिया, क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस ने पिछले महीने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक अहम कानून भारी बहुमत से पारित किया था। इस कानून के तहत ट्रंप को रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाने और तेल-गैस कारोबार से जुड़े उसके पांच प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार दिया गया था। इन देशों में भारत और चीन भी शामिल हैं।अमेरिकी सीनेटर जीन शाहीन ने ट्रंप प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाए हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति में विपक्ष की वरिष्ठ सदस्य शाहीन ने कहा कि अमेरिका ने 2022 में ही रूसी ऊर्जा के आयात पर रोक लगा दी थी। ऐसे में राष्ट्रपति ट्रंप कानून को नजरअंदाज कर पुतिन से डीजल खरीदने का फैसला नहीं कर सकते। शाहीन के मुताबिक, कानून में इस तरह के मामले में कांग्रेस से सलाह लेने और औपचारिक समीक्षा प्रक्रिया पूरी करने का प्रावधान है। उनका कहना है कि इस मामले में यह स्पष्ट होना चाहिए कि सरकार ने मौजूदा कानून का पालन किया है या नहीं।रूस पर प्रतिबंध लगाने से जुड़े कानून के सह-लेखक अमेरिकी सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने भी ट्रंप के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने पुतिन के साथ हुए इस समझौते को शर्मिंदगी भरा कदम बताया। ब्लूमेंथल और दिवंगत रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने मिलकर रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से संबंधित विधेयक तैयार किया था। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों ने 16 सितंबर को इसे भारी बहुमत से पारित किया था। इसके दो दिन बाद, 18 सितंबर को ट्रंप ने इस पर हस्ताक्षर कर इसे कानून बना दिया था।रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून के पारित होने के बाद ब्लूमेंथल ने भारत और चीन को भी कड़ा संदेश दिया था। उन्होंने दोनों देशों से अपना रवैया बदलने और रूस के बजाय दूसरे देशों से तेल खरीदने को कहा था। अब ट्रंप के रूस के साथ तेल का सौदा करने से अमेरिकी राजनीति में एक नई बहस छिड़ गई है। एक तरफ रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर सख्त रुख अपनाने की मांग हो रही है, तो दूसरी तरफ ईंधन की कीमतों को काबू में रखने की जरूरत भी चर्चा में है।कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक सांसद डेव मिन ने भी ट्रंप के फैसले पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप रूस के साथ लगातार ऐसे अवैध तेल समझौते करते रहे, तो हो सकता है कि अमेरिका को खुद पर ही प्रतिबंध लगाने की नौबत आ जाए। वहीं, टेक्सास से रिपब्लिकन सांसद माइकल मैककॉल ने कहा कि वह डीजल की कीमतें कम करने की जरूरत को समझते हैं, लेकिन रूसी तेल पर प्रतिबंधों में ढील देने से उन्हें चिंता है। उनके मुताबिक, इससे रूस के राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध जारी रखने के लिए आर्थिक मदद मिल सकती है और रूस की ओर से हिंसा तथा तबाही बढ़ने का खतरा भी पैदा हो सकता है। ट्रंप के रूस से तेल खरीदने के फैसले ने अमेरिकी संसद में उनकी नीतियों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों का एक साथ विरोध करना खास मायने रखता है। हालांकि, प्रतिनिधि सभा का मौजूदा कार्यकाल जनवरी में खत्म हो रहा है और बीच में तीन नवंबर को मध्यावधि चुनाव भी होने हैं। ऐसे में नए विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए सांसदों के पास सीमित समय है। फिट्जपैट्रिक को उम्मीद है कि विधेयक को भारी समर्थन मिलेगा, लेकिन इसे पारित कराने और आगे की विधायी प्रक्रिया पूरी करने में समय की कमी बड़ी चुनौती बन सकती है।

गहरे जख्म लेकिन हौसला बुलंद

भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इस्राइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है।अबू धाबी के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में वह इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रभावित राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इस्राइल के सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है। मच्छार को भेजे अपने पत्र में हर्जोग ने कहा है कि स्मित के पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें यरुशलम बुलाकर यह सम्मान दिया जाएगा। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान में हुए खौफनाक घटनाक्रम के दौरान स्मित ने जिस हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया, उससे विमान में सवार 180 लोगों की जान बच गई इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संदेश में भारतीय पायलट को इस्राइल, भारत और पूरी मानवता का हीरो बताया। हर्जोग ने कहा कि उन्होंने स्मित को भेजे पत्र में उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि स्मित के ठीक होने और दोबारा ताकत हासिल करने के बाद यरुशलम में उनका स्वागत करना उनके लिए सम्मान की बात होगी। हर्जोग ने लिखा, 'कैप्टन स्मित मच्छार, आप इस्राइल, भारत और पूरी मानवता के हीरो हैं!' उन्होंने आगे कहा कि वह स्मित से मिलकर उन्हें इस्राइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने के लिए उत्सुक हैं।4 अक्टूबर को लिखे अपने पत्र में राष्ट्रपति हर्जोग ने कैप्टन स्मित के साहस, हौसले और विमान को सुरक्षित रखने के उनके प्रयासों की सराहना की थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह की स्थिति से पायलट को गुजरना पड़ा, उसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। विमान के कॉकपिट में जान का खतरा सामने होने और गंभीर दर्द से जूझने के बावजूद स्मित ने अपना धैर्य बनाए रखा और सही फैसले लिए। हर्जोग ने पत्र में लिखा कि घटनाक्रम किसी रोमांचक फिल्म जैसा लगता है, लेकिन उस समय कॉकपिट में मौजूद लोगों ने किस डर और तनाव का सामना किया होगा, इसका अंदाजा लगाना भीमुश्किल है। ऐसे हालात में खुद को संभालना, जान पर मंडराते खतरे का मुकाबला करना और समझदारी से काम लेना स्मित के मजबूत चरित्र और अदम्य साहस को दिखाता है।राष्ट्रपति हर्जोग ने कैप्टन स्मित की बहादुरी की तुलना एक सदी से भी पहले पवित्र भूमि के शहरों को आजाद कराने के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के साहस से की। उन्होंने कहा कि उन भारतीय सैनिकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर इतिहास रचा था और इस्राइल के इतिहास में हमेशा के लिए अपनी जगह बनाई थी। हर्जोग के मुताबिक, कैप्टन स्मित ने भी अपनी बहादुरी से इस्राइल के लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। उनका साहस भारत और इस्राइल के बीच दोस्ती और आपसी रिश्तों को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्मित जल्द स्वस्थ होंगे। उन्होंने उनके इलाज के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में मिल रही देखभाल का जिक्र करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।कैप्टन स्मित को सम्मानित करने का ऐलान उस समय किया गया, नागरिकों को सम्मानित

रियाद हवाई अड्डे पर एक और हमला

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को हमला हुआ। इस हमले में 12 लोगों की जान चली गई और 300 से अधिक लोग घायल हो गए। सऊदी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की है। बयान में कहा गया कि मृतकों में चार सऊदी नागरिक थे। इनमें दो बांग्लादेशी, एक फलस्तीनी और एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के भी एक-एक नागरिक भी मारे गए। कई घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। यह हमला ईरान युद्ध के नए मोर्चे पर साम्राज्य के खिलाफ हमलों की असाधारण शृंखला का हिस्सा है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मूल्यांकन कर रहे हैं। वह देख रहे हैं कि क्या अमेरिका को यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी हमलों में शामिल होना चाहिए। हूती विद्रोहियों ने सप्ताह की शुरुआत में किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमलों का दावा किया था। उन हमलों में एक पायलट सहित तीन सऊदी नागरिक मारे गए थे।शनिवार को एक मिसाइल घरेलू उड़ानों के टर्मिनल 3 और 4 वाले एक परिसर से टकराई। इससे कई लोग घायल हो गए। एक क्षेत्रीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी। ट्रंप ने हस्तक्षेप के बारे में कहा, 'हम इस पर विचार करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें हालिया हमले के बारे में अभी पता चला है। इसलिए हम निर्णय लेंगे। हम बहुत तेजी से आगे बढ़ते हैं।'हूती लड़ाकों के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर से एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद से हमलों में वृद्धि हुई है। इनमें सऊदी हवाई अड्डे, सैन्य ठिकाने और तेल बुनियादी ढांचा भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया। उन्होंने शनिवार को पहले सऊदी अरब पर हूती-कब्जे वाली यमनी राजधानी सना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया था। सऊदी नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने हवाई अड्डे के संचालन को निलंबित कर दिया। चोटों और क्षति की सीमा का आकलन किया जा रहा था। विमान चालकों को एक आधिकारिक सूचना में कहा गया कि निलंबन आधी रात तक रहेगा। हवाई अड्डे पर भारी पुलिस बल तैनात था। सभी प्रवेश द्वार अवरुद्ध कर दिए गए थे। परिसर के चारों ओर की रोशनी मंद कर दी गई थी। फ्लाइटरडार24 ट्रैकर के अनुसार, उड़ानें अन्यत्र मोड़ दी गईं। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को हवाई अड्डे से बचने की चेतावनी दी। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक सऊदी अरब पर हुए हमलों ने बाजारों और क्षेत्र को हिला दिया है। इसके बावजूद, सऊदी ऊर्जा मंत्रालय नवीनतम हमले के घंटों बाद भी रविवार को रियाद में शुरू होने वाले एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन का प्रचार कर रहा था।यमन में हूती और सऊदी समर्थित यमनी सरकारी बलों के बीच लड़ाई बढ़ गई है। सऊदी नेतृत्व वाला गठबंधन लाल सागर के किनारे हूती लड़ाकों की हालिया बढ़त को पलटने का प्रयास कर रहे सरकारी बलों को हवाई सहायता प्रदान कर रहा है। इन बढ़तों ने विद्रोहियों को जहाजरानी की बेहतर निगरानी प्रदान की है। यह होर्मुज जलडमरूमध्य का एक महत्वपूर्ण विकल्प है। ईरान वहां जहाजों पर हमला कर रहा है।

ईंधन महंगाई से बैकफुट पर अमेरिका: भारत को राहत...तेल कीमतों में आएगी स्थिरता; रूस के आगे झुककर बदली नीति?

अमेरिका ने ईंधन की कमी और बढ़ती कीमतों के बीच रूस से डीजल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में अस्थायी छूट देने का फैसला किया है। ट्रंप-पुतिन समझौते के तहत रूस अमेरिकी और वैश्विक बाजारों में डीजल की आपूर्ति करेगा। इससे भारत जैसे तेल आयातक देशों को कीमतों में स्थिरता से राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, भारतीय निजी रिफाइनरी के निर्यात और मुनाफे पर इसका क्या असर पड़ेगा? पढ़िए इस रिपोर्ट में। वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार में एक बड़ा भूचाल लाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। जिन अमेरिकी प्रतिबंधों और चेतावनियों के आधार पर अमेरिका भारत और चीन जैसे देशों पर रूस से ऊर्जा आयात बंद करने का दबाव बना रहा था, उसी अमेरिका ने खुद अपनी घरेलू जरूरतों और आसमान छूती कीमतों से निपटने के लिए रूस से सीधे डीजल खरीदने का बड़ा फैसला किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते के तहत 7 अप्रैल, 2027 तक रूसी डीजल की बिक्री और आयात पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने की घोषणा कर दी है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की है कि वैश्विक और अमेरिकी बाजारों में ईंधन की गंभीर कमी को देखते हुए रूसी डीजल पर प्रतिबंधों में छूट दी जा रही है। समझौते के तहत रूस अब अमेरिकी और वैश्विक बाजारों में डीजल की आपूर्ति फिर से शुरू करेगा। रूस के उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि देश में रिफाइनरी उत्पादन का स्तर काफी मजबूत स्थिति में है।

रूस से अमेरिका के इस सौदे से भारत को बड़ी राहत मिली है। अब तक रूस से तेल खरीद को लेकर बार-बार धमकियां दे रहा अमेरिका बैकफुट पर है। फ्री प्रेस जर्नल के अनुसार, इस वैश्विक समझौते से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन आपूर्ति सुचारू होने से भविष्य में कच्चे तेल और डीजल की कीमतों में स्थिरता आ सकती है, जिससे भारत जैसे आयातक देशों के आयात बिल और महंगाई पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि, अमेरिका अब नैतिक रूप से दूसरे देशों पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव और टैरिफ की धमकी नहीं दे पाएगा। निजी रिफाइनरियों का निर्यात कम हो सकता है

रिलायंस और नायरा जैसी निजी रिफाइनरियों का इस सौदे से मुनाफा कम हो सकता है। अप्रैल-अगस्त में भारत का पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात प्रतिवर्ष 36% बढ़कर 21.7 अरब डॉलर रहा। इसमें ज्यादातर हिस्सा निजी रिफाइनरियों का था। सितंबर में नायरा व रिलायंस ने मिलकर मात्रा के हिसाब से 80% साफ ईंधन निर्यात किया। रिलायंस ने सितंबर में रोज 9.29 लाख बैरल पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन निर्यात किया, जो भारत के कुल साफ-ईंधन निर्यात के 70% से ज्यादा है।

क्या है पुतिन-ट्रंप का सौदा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद यह सौदा किया है। समझौते के तहत रूस तुरंत 300,000 टन डीजल अमेरिका और वैश्विक बाजार को भेजेगा, इसके बाद नवंबर में 500,000 टन और आगे चलकर लाखों टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से पहले ईंधन के दाम तेजी से बढ़ने के कारण ट्रंप प्रशासन भारी राजनीतिक दबाव में था। कीमतों को नीचे लाने के लिए आखिरकार अमेरिका को रूस के आगे झुकना पड़ा।रूस ने डीजल निर्यात पर दी ढील

मॉस्को। रूसी सरकार ने शनिवार को डीजल निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध में तत्काल प्रभाव से ढील देने का एलान किया है। यह फैसला रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए अहम समझौते के बाद लिया गया है।

रुपया संभालने की कवायद: ट्रेडिंग नियम बदले

तेल कंपनियों को मिलेगा डॉलर; विदेशी मुद्रा कारोबार पर क्या असर

डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन बड़े कदम उठाए हैं। तेल कंपनियों को जरूरत के मुताबिक डॉलर देने के लिए विशेष व्यवस्था शुरू होगी। विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव सौदों के नियम भी सख्त किए गए हैं। इन फैसलों से रुपये पर दबाव और सट्टेबाजी को रोकने में कितनी मदद मिलेगी? पढ़िए इस रिपोर्ट में।केंद्र सरकार ने रुपये की गिरावट थामने के लिए तीन बड़े फैसले लिए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की दैनिक डॉलर जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष सुविधा की घोषणा की गई है। विदेशी मुद्रा बाजार के नियम सख्त किए गए हैं। विदेशी मुद्रा डीलरों के लिए विदेशी मुद्रा जोखिम आरक्षित निधि की एक नई व्यवस्था भी शुरू की है।भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को इन उपायों का घोषण की। इससे अत्याधिक सट्टेबाजी पर अंकुश के साथ-साथ विदेशी मुद्रा लेन-देन में पारदर्शिता आएगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच रुपये में गिरावट का रुख जारी है। घरेलू मुद्रा शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.71 के स्तर पर बंद हुई थी। केंद्रीय बैंक की ओर से नामित इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम को अब रोजाना जरूरत के मुताबिक, डॉलर एक खास विंडो के जरिये मिलेगा। केंद्रीय बैंक चुनिंदा बैंकों के माध्यम से इन कंपनियों को डॉलर बेचेगा। यह सुविधा 12 अक्तूबर से शुरू होगी और अगले आदेश तक जारी रहेगी।

आरबीआई ने विदेशी मुद्रा नियम भी सख्त किए

रिजर्व बैंक ने रुपये में उतार-चढ़ाव पर लगाम और बाजार में अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार नियम भी सख्त कर दिए हैं। इससे विदेशी मुद्रा से जुड़े डेरिवेटिव सौदों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। अब अधिकृत डीलर किसी भी यूजर को रद्द सौदों को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं देंगे। हालांकि, रोलओवर की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। बिना किसी वास्तविक लेन-देन या जोखिम के विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव में कारोबार करने की सीमा भी काफी घटा दी गई है। पहले यह सीमा 10 करोड़ डॉलर थी, जिसे अब घटाकर 50 लाख डॉलर कर दिया गया है। यही नियम मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों पर रुपये से जुड़े करेंसी डेरिवेटिव्स पर भी लागू होगा।

सऊदी अरब: तनाव बढ़ने पर एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया ने रियाद उड़ानें रद्द कीं, जानें क्या है पूरा मामला

सऊदी अरब में बिगड़ते हालात के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया ने रियाद के लिए अपनी उड़ानें रद करने की अवधि बढ़ा दी है। यात्रियों को पूरा पैसा वापस मिलेगा या मुफ्त पुनर्निर्धारण की सुविधा मिलेगी।

सऊदी अरब में बिगड़ते हालात के मद्देनजर एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया ने रियाद आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को रद करने की अवधि बढ़ा दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह निर्णय क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हवाई अड्डों पर हुए हमलों के बाद लिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी सेवाएं 14 अक्तूबर तक रद कर दी हैं। वहीं, एयर इंडिया ने 15 अक्तूबर तक की उड़ानें निरस्त की हैं। दोनों विमानन कंपनियों ने पहले बृहस्पतिवार को 10 अक्तूबर तक रियाद की उड़ानें रद करने की घोषणा की थी। विमानन कंपनियां स्थिति पर करीब से नजर रख रही हैं। वे क्षेत्र के घटनाक्रम का लगातार आकलन कर रही हैं।

यात्रियों के लिए क्या विकल्प हैं?

एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया प्रभावित यात्रियों को पूरा पैसा वापस दे रही हैं। यह उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है जिनकी यात्रा योजनाएं बाधित हुई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस यात्रियों को मुफ्त पुनर्निर्धारण की सुविधा भी दे रही है। इससे यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने का अवसर मिलेगा। यह सुविधा यात्रियों को लचीलापन प्रदान करती है और उनकी असुविधा को कम करती है।

कौन सी उड़ानें प्रभावित हुई हैं?

एयर इंडिया एक्सप्रेस भारत के चार शहरों से रियाद के लिए 16 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। इनमें बेंगलुरु, कोच्चि, कन्नूर और कोझिकोड जैसे प्रमुख भारतीय शहर शामिल हैं। एयर इंडिया दिल्ली और मुंबई से रियाद के लिए सात साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। अकासा एयर ने भी शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह 11 अक्तूबर तक रियाद की अपनी उड़ानें रद कर रही है। इन रद उड़ानों से बड़ी संख्या में यात्री प्रभावित हुए हैं और उनकी यात्रा योजनाएं प्रभावित हुई हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में सऊदी अरब के रियाद और आभा स्थित दो हवाई अड्डों पर हमला हुआ था। रिपोर्टों के जरिये, यह हमला ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों द्वारा किया गया था। हाल के दिनों में हुती समूह और सऊदी अरब के बीच शत्रुता में काफी वृद्धि हुई है। क्षेत्र में सशस्त्र ड्रोन और मिसाइलों से लगातार हमले हो रहे हैं। इस बढ़ती अशांति के कारण विमानन कंपनियों को यह एहतियाती कदम उठाना पड़ा है।

सर्राफा बाजार: दिल्ली में चमका सोना-चांदी, डॉलर कमजोर होने से कीमतों में उछाल, जानिए आज के भाव

सोने की कीमतों में वृद्धि का मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर का हालिया उच्च स्तर से नीचे आना है। इससे निवेशकों का रुझान कीमती धातुओं की ओर बढ़ा है। गौरव गर्ग के अनुसार, महंगाई की चिंताओं के बावजूद डॉलर की कमजोरी ने सोने को सहारा दिया। चांदी को भी कीमती धातुओं में व्यापक सुधार से फायदा हुआ। रुपये की कमजोरी ने भी आयातित वस्तुओं की घरेलू लागत बढ़ाकर कीमतों को प्रभावित किया। यह सब मिलकर सोने और चांदी की कीमतों में उछाल का कारण बना। प्रवीण सिंह के अनुसार, सोने के भाव में आगे सीमित दायरे में हल्की सकारात्मकता के साथ कारोबार होने की उम्मीद है।हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि धातु कच्चे तेल की कीमतों में अचानक होने वाली वृद्धि के प्रति संवेदनशील बनी हुई है।

दिल्ली में सोने का भाव 1,900 रुपये बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, जबकि चांदी 4,500 रुपये उछलकर 2.28 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से कीमती धातुओं को समर्थन मिला। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्ध सोना 1,900 रुपये उछलकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। गुरुवार को इसका बंद भाव 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी ने अपनी गिरावट का सिलसिला खत्म किया और 4,500 रुपये बढ़कर 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले, गुरुवार को चांदी 3,000 रुपये गिरी थी, जबकि सप्ताह के शुरुआती तीन सत्रों में यह स्थिर रही थी। ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से कीमती धातुओं को समर्थन मिला। उन्होंने यह भी कहा कि रुपये की लगातार कमजोरी से आयातित वस्तुओं की घरेलू लागत बढ़ रही है। इन ताजा उछाल से सोने ने पिछले दो सत्रों में 4,600 रुपये यानी 3.07 फीसदी की रिकवरी की है। घरेलू बाजार में चांदी ने भी 1,500 रुपये या करीब 1 फीसदी की भरपाई की।पश्चिम एशिया में अस्थिर और तनावपूर्ण स्थिति के कारण ऐसी कीमतें अक्सर बढ़ रही हैं।

द बोनस मार्केट अपडेट: बड़ी गिरावट के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने की दमदार शुरुआत

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार ने एक मजबूत शुरुआत की। सुबह 9:28 बजे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। यह शुरुआती तेजी निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा को दर्शाती है। सेंसेक्स, जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक है, 71,997.37 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। इसमें 404.13 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो 0.56 फीसदी का उछाल है। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी ने भी 22,363.55 पर कारोबार शुरू किया। इसमें 131.75 अंकों की बढ़त रही, जो 0.59 फीसदी की वृद्धि है।कल जिस शेयर बाजार में चौतरफा हाहाकार मचा था और निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए थे, उसी बाजार ने आज (9 अक्तूबर 2026) सुबह एक नया मोड़ ले लिया है। दलाल स्ट्रीट पर आज सुबह से ही 'बुल्स' (तेजी लाने वाले) ने वापसी की कोशिश की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह हरियाली टिक पाएगी या वैश्विक दबाव इसे फिर से लाल निशान में धकेल देगा

आज सुबह बाजार में क्या हलचल रही?

कल की भयंकर गिरावट के बाद आज सुबह भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 338 अंक उछलकर 71,930 के स्तर पर कारोबार करता दिखा, वहीं एनएसई निफ्टी 50 भी करीब 91 अंक चढ़कर 22,323 के पार निकल गया। बाजार में यह बढ़त मुख्य रूप से 'शॉर्ट कवरिंग' यानी कल की भारी बिकवाली के बाद कम कीमतों पर हुई खरीदारी की वजह से आई है। आसान शब्दों में कहें तो जब बाजार बहुत ज्यादा गिर जाता है, तो कुछ समय के लिए उसमें एक प्राकृतिक सुधार या रिकवरी आती है, आज भी ठीक वैसा ही हो रहा है। इस मामूली रिकवरी की सबसे बड़ी वजह यह है कि कल की गिरावट के बाद भारतीय बाजार 'ओवरसोल्ड जोन' यानी जरूरत से ज्यादा बिकवाली के दायरे में आ गए थे। जब शेयर बहुत ज्यादा सस्ते हो जाते हैं, तो घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) और ट्रेडर खरीदारी का मौका ढूंढने लगते हैं।

कंगना रनौत: अभिनेत्री ने साधा सीजेपी पर निशाना, बताया राष्ट्रविरोधी ताकत; प्रदर्शन को लेकर कही ये बात

Kangana Ranaut: कंगना रनौत ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे राष्ट्रविरोधी बताया है। आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) की लीडरशिप को राष्ट्रविरोधी ताकतें कहा है। सीजेपी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल रही है।

विरोध प्रदर्शन को लेकर क्या बोलीं कंगना?

कंगना की ये बातें अयोध्या जाते समय लखनऊ पहुंचने पर सामने आईं। उन्होंने कहा था कि वह राम लला की पूजा-अर्चना के लिए राम मंदिर जाएंगी। अभिनेत्री और मंडी से मौजूदा सांसद ने पार्टी के विरोध प्रदर्शन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए ताकतें काम कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नागरिकों को कोई परेशानी न हो।

कितने लोग हिरासत में लिए गए?

सीजेपी ने 10 अक्तूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, मगर प्रदर्शनकारियों के दिल्ली में उस जगह तक पहुंचने से पहले ही दिल्ली पुलिस ने उनके नेताओं को हिरासत में ले लिया। शनिवार को दिल्ली भर में 6,000 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से ज्यादातर लोगों को बाद में छोड़ दिया गया।

दिल्ली की घटनाओं पर क्या बोलीं कंगना?

हाल ही में कंगना से दिल्ली में हुई घटनाओं पर उनकी राय पूछी गई। इस पर अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शनों के जरिए देश को अस्थिर करने की साजिश रची जा रही थी। सीजेपी प्रदर्शनकारियों के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा, 'देखिए कि लोग अब इन राष्ट्र-विरोधी ताकतों को कैसे बेनकाब कर रहे हैं। पुलिस को छोड़िए, अब आम लोग भी उन्हें पकड़ेंगे और उनसे जवाब मांगेंगे क्योंकि लोगों ने उन्हें पहचानना शुरू कर दिया है।

क्यों हुआ प्रदर्शन?

उनकी ये बातें सीजेपी के विरोध प्रदर्शनों के बीच सामने आई हैं, जिसमें मतदाता सूची के एसआईआर से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। संगठन ने मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने को लेकर चिंता जताई है और संशोधन प्रक्रिया में ज्यादा पारदर्शिता की मांग की है।

नवरात्रि के गाने: 'चलो बुलावा आया है' से 'तूने मुझे बुलाया तक, फिल्मों में भजनों के जरिए दिखी माता की भक्ति

Navratri Bhajan: शारदीय नवरात्रि शुरू हो गए हैं और इस पावन अवसर पर आइए जानते हैं हिंदी सिनेमा के उन यादगार माता भजनों को, जिन्होंने बड़े पर्दे से निकलकर करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाई। माता के शारदीय नवरात्रि आज 11 अक्तूबर से शुरू हो गए हैं। देशभर में मां दुर्गा की भक्ति के रंग बिखरने लगे हैं। अब अगले नौ दिनों तक मंदिरों से लेकर पंडालों तक में माता के जयकारे गूंजेंगे। मां की भक्ति सिर्फ मंदिर और पंडालों तक में ही सिमित नहीं रही, बल्कि हिंदी सिनेमा ने भी मां की महिमा को अपने गीतों के जरिए खूबसूरती से बयां किया है। चलो बुलावा आया है' से लेकर 'तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये' तक, ऐसे कई भजन हैं जो आज भी सुनते ही भक्तों को माता के दरबार की याद दिला देते हैं। नवरात्रि के इस खास मौके पर आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ भजनों के बारे में।फिल्म 'आरज़ू' का यह गाना सोनू निगम ने गाया था। अक्षय कुमार पर फिल्माया गया यह गीत माता के दर्शन और जयकारों के उत्साह को सामने लाता है। इसकी ऊर्जा भक्तों को यात्रा और भक्ति के रंग में रंग देती है।

चलो बुलावा आया है

यह गाना साल 1983 में आई फिल्म 'अवतार' का है। इसे नरेंद्र चंचल, आशा भोसले और महेंद्र कपूर ने गाया था। फिल्म में कहानी की शुरुआत इसी भजन से होती है। माता का बुलावा मानो हर उस भक्त के लिए उम्मीद का संदेश है, जो दुखों से घिरा हुआ है।

तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये

यह गाना साल 1980 में आई फिल्म 'आशा' का है, जिसे मोहम्मद रफी और नरेंद्र चंचल ने अपनी आवाज दी थी। यह भेंट माता के दरबार में पहुंचने की तड़प और भक्त की अटूट आस्था को आवाज देती है। नवरात्रि के जगरातों में इसकी गूंज आज भी खास लगती है।

ओ शेरोंवाली

यह गाना साल 1979 में आई फिल्म 'सुहाग' का है। अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया यह भजन आज भी पंडालों की शान है। मोहम्मद रफी और आशा भोसले की दमदार आवाज इस भजन में एक अलग ही ऊर्जा भर देती है।

मां शेरांवालिये तेरा शेर आ गया

लगभग 30 साल पहले आया यह गाना 'खिलाड़ी' फिल्म का है, जिसे सोनू निगम ने गाया था। अक्षय कुमार की इस फिल्म का यह भजन सोनू निगम के शुरुआती करियर के सबसे बेहतरीन और ऊर्जावान भक्ति गीतों में से एक है। गाने को अनु मलिक ने कंपोज किया था और इसके बोल देव कोहली ने लिखे थे।

जय माता दी बोल

1999 में फिल्म 'कोहराम' के इस गाने को गायक सुखविंदर सिंह ने गाया था। अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह भजन बहुत ही जोशीला है। सुखविंदर सिंह की बुलंद आवाज और ढोल की थाप भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देती है।

सलमान खान: कैसा होगा अभिनेता के यूट्यूब चैनल का कंटेंट खुद दी जानकारी; इसलिए फैंस का अदा किया शुक्रिया

Salman Khan YouTube Channel: सलमान खान ने अपना यू-ट्यूब चैनल लॉन्च करने के बाद दर्शकों से बताया है कि इस पर किस तरह का कंटेंट होगा। Salman Khan YouTube Channel: सलमान खान ने अपना यू-ट्यूब चैनल लॉन्च करने के बाद दर्शकों से बताया है कि इस पर किस तरह का कंटेंट होगा।

कैसा होगा सलमान के प्लेटफॉर्म का कंटेंट?

अभिनेता ने साफ किया है कि हो सकता है कि इसका कंटेंट सभी को पसंद न आए। इसे बच्चों के लिए बनाया गया है। एक्स पर एक पोस्ट में, बॉलीवुड सुपरस्टार ने दर्शकों का शुक्रिया अदा किया और अपने विजन के बारे में बताया। उनके मैसेज से पता चलता है कि उनके नए प्लेटफॉर्म पर फैमिली-फ्रेंडली कंटेंट होगा।

सलमान ने पोस्ट में क्या लिखा?

अपने चैनल के कंटेंट के बारे में जानकारी देते हुए अभिनेता ने एक्स पर लिखा, 'मेरा यूट्यूब चैनल देखने के लिए धन्यवाद, मैं समझता हूं कि कंटेंट अभी आपके लिए नहीं है, लेकिन आप यह भी समझते होंगे कि यह आपके छोटे बच्चों के लिए है। देखते हैं यह कैसा रहता है, थोड़ी मस्ती के साथ प्यार और परिवार के साथ शिक्षा भी बच्चों के लिए जरूरी है। है ना

पहले वीडियो में क्या है?

'बीइंग द सलमान खान' चैनल एक्टर की खास स्क्रीन पर्सनैलिटी पर आधारित है। पहले वीडियो में दो सलमान हैं- एक कोच के तौर पर और दूसरा स्टूडेंट के तौर पर, जो उनके खास अंदाज, बॉडी लैंग्वेज और डायलॉग बोलने के तरीके को सीख रहा है। इस कॉन्सेप्ट में सलमान की ऑन-स्क्रीन पर्सनैलिटी की खूबियों को मजेदार सीख में बदला गया है।

इन सितारों का भी है यूट्यूब चैनल

अल्लू अर्जुन और मोहनलाल जैसे सितारों के भी अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल हैं। वहीं, टीवी की दुनिया से जुड़ी दीपिका कक्कड़, शोएब इब्राहिम, जन्नत जुबैर और अनुष्का सेन के भी यूट्यूब चैनल हैं। ये लोग लाइफस्टाइल वीडियो, व्लॉग और रोजमर्रा की जिंदगी की झलकियों के जरिए दर्शकों के बीच लोकप्रिय हैं।

अमिताभ बच्चन: फैन ने अभिनेता के स्टाइल में किया डांस घर के बाहर जमा हुए चाहने वाले; झूमते-नाचते मना रहे जश्न

Amitabh Bachchan Birthday: अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर आज उनके घर के बाहर कई फैंस जमा हुए हैं। अभिनेता के खास पर फैंस खुशी में झूम रहे हैं। बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन आज अपना 84वां जन्मदिन मना रहे हैं। देश दुनिया से उनके फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस मौके पर उनके कई फैंस उनके घर 'जलसा' के बाहर जमा हुए हैं। अभिनेता ने जन्मदिन पर फैंस जश्न मना रहे हैं। आइए डालते हैं एक नजर।

अमिताभ के स्टाइल में फैन ने किया डांस

अमिताभ के घर के बाहर उन्ही की तरह दिखने वाला एक फैन आया है। फैन ने अभिनेता की तरह उनके गाने 'मैं हूं डॉन' गाने पर डांस किया है। फैन का आउटफिट काफी शानदार है। उनके स्टाइलिश कपड़ों में लाइटें लगी हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घर के बाहर झूमे फैंस

एक दूसरे वीडियो में वही फैन दूसरे फैंस के साथ मिलकर 'डॉन' फिल्म का गाना गाता है। फैन ने अपने हाथ में 84 का पोस्टर लिया है। उसके साथ सभी फैंस डांस कर रहे हैं। उनके साथ बच्चे भी हैं, जो अभिनेता के जन्मदिन की खुशी में डांस कर रहे हैं।

कार्यक्रम में सितारों का जलवा: पत्नी गौरी के साथ नजर आए आमिर खान, रणवीर रणवीर सिंह ने गरबा करके लूटी महफिल

Nita Ambani: नीता अंबानी के एक प्रोग्राम में बॉलीवुड सितारों ने जलवा बिखेरा है। कार्यक्रम में आमिर खान ने सबका ध्यान खींचा। वह अपनी पत्नी गौरी स्प्रैट के साथ नजर आए।नीता अंबानी ने अपने एक लग्जरी ब्रांड की पहली सालगिरह मनाई है। इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बॉलीवुड के सितारों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम में आमिर खान, रणवीर सिंह और रश्मिका मंदाना जैसे कई कलाकार पहुंचे। सभी ने फोटोग्राफरों के सामने पोज दिए। आइए डालते हैं एक नजर।आमिर खान और गौरी स्प्रैट आमिर खान अपनी पत्नी गौरी स्प्रैट के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। दोनों ने कैमरे के सामने पोज दिए। दोनों के आउटफिट ने लोगों का ध्यान खींचा।

रणवीर सिंह

रणवीर सिंह अकेले ही कार्यक्रम में पहुंचे। पिंक आउटफिट में रणवीर सिंह काफी कॉन्फिडेंट नजर आए। वह पहले मेहमानों से मिले, इसके बाद कैमरे के सामने पोज दिए।

सारा अली खान

ब्लू लेहंगा और कुर्ती में सारा अली खान का अलग ही अंदाज दिखा। उनका लेहंगा इतना भारी था कि उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी। हालांकि यह आउटफिट उन पर काफी जच रहा था।

रश्मिका मंदाना

गोल्डन कढ़ाई वाली डार्क पर्पल साड़ी में रश्मिका काफी शानदार लगीं। वह कार्यक्रम में अकेले ही पहुंचीं। कैमरे के सामने पोज देते हुए वह काफी क्यूट लग रही थीं।

कृति सेनन

कृति सेनन रंग-बिरंगे एथनिक आउटफिट में कार्यक्रम में पहुंचीं। उन्होंने मैचिंग ज्वेलरी कैरी की। कैमरे के सामने पोज देते हुए वह काफी कॉन्फिडेंट नजर आईं।

Aaj ka Rashifal 11 October

धनु, कुंभ और वृश्चिक राशि वाले आर्थिक मामलों में रहें सतर्क, जानें सभी राशियों का हाल

11 अक्टूबर 2026 का दैनिक राशिफल जानें। मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर समेत सभी 12 राशियों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा? जानिए करियर, कारोबार, आर्थिक स्थिति, प्रेम जीवन और पारिवारिक मामलों में सितारों का क्या संकेत है।

Today Daily Prediction: 11 अक्तूबर 2026 का राशिफल ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर आपके दिन से जुड़े कई महत्वपूर्ण संकेत दे सकता है। दैनिक राशिफल के माध्यम से आप जान सकते हैं कि आज का दिन करियर, कारोबार, आर्थिक स्थिति, प्रेम संबंधों और पारिवारिक जीवन के लिहाज से कैसा रहने वाला है। कुछ राशियों के लिए कामकाज में नए अवसर मिलने की संभावना हो सकती है

मेष

आज भाग्य आपके लिए रिश्तों और पुराने संपर्कों के जरिए नए अवसर लेकर आ सकता है। कोई ऐसा मित्र, जिससे लंबे समय से बातचीत नहीं हुई थी, अचानक आपकी सफलता की राह में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रुके हुए कामों में गति आएगी और आपकी मेहनत का परिणाम भी दिखाई देगा। व्यापार में नई संभावनाएँ बनेंगी और साझेदारी से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से लाभदायक रह सकता है। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आपको सम्मान और प्रशंसा मिलेगी। खोई हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिलने की भी संभावना है। दिन के अंत में धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण से जुड़ना मन को गहरी शांति देगा।

वृषभ

आज का दिन आपको थोड़ी सावधानी और समझदारी से आगे बढ़ने की सलाह दे रहा है। हर व्यक्ति जो आपके साथ अच्छा व्यवहार करता है, जरूरी नहीं कि वह आपके हित में ही सोचता हो, इसलिए किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले अच्छी तरह विचार करें। आज मिलने वाला छोटा लाभ भी भविष्य में किसी बड़ी सफलता की नींव बन सकता है। किसी पुराने फैसले को याद करके मन थोड़ा उदास हो सकता है, लेकिन उस अनुभव ने आपको पहले से अधिक समझदार बनाया है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें और अपनी दिनचर्या पर ध्यान दें। शांत मन, धैर्य और संयम से आप दिन को बेहतर ढंग से संभाल पाएंगे।

मिथुन

आज रिश्तों के लिहाज से दिन काफी सुखद रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में यदि किसी बात को लेकर दूरी या गलतफहमी बनी हुई थी, तो बातचीत के जरिए वह कम हो सकती है। प्रेम संबंधों में भी विश्वास और अपनापन बढ़ेगा। विदेश में पढ़ाई या करियर बनाने की योजना बना रहे लोगों को कोई उत्साहजनक समाचार मिल सकता है। संतान की किसी उपलब्धि से मन गर्व और खुशी से भर जाएगा। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके लिए विशेष रूप से शुभ रहेगा और उनके सहयोग से कोई रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है।

कर्क

आज आपके सामने नए अवसर आ सकते हैं, इसलिए आंखें और दिमाग दोनों खुले रखें। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छे अवसर की जानकारी मिल सकती है। आपकी मीठी वाणी और सहज व्यवहार लोगों को प्रभावित करेंगे, जिससे सामाजिक स्तर पर आपका सम्मान भी बढ़ेगा। हालांकि कुछ लोग आपकी सरलता को कमजोरी समझने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन अपनी सच्चाई और आत्मविश्वास बनाए रखें। मन की कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से आपको भीतर से खुशी और संतोष महसूस होगा। कुल मिलाकर दिन नई उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का संकेत दे रहा है।

सिंह

आज आप अपने किसी महत्वपूर्ण लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे और सफलता मिलने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। परिवार में संतान की उपलब्धि या नौकरी से जुड़ी कोई अच्छी खबर खुशी का माहौल बना सकती है। अविवाहित लोगों के जीवन में किसी खास व्यक्ति का प्रवेश भी संभव है। पैतृक संपत्ति से जुड़ी किसी पुरानी उलझन में राहत मिल सकती है। हालांकि इस भागदौड़ के बीच स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। अपनी ऊर्जा को बनाए रखना जरूरी है, तभी आप मिलने वाली सफलता का पूरा आनंद ले पाएंगे।

कन्या

आज आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा और सकारात्मक सोच के कारण कई मुश्किल काम भी आसान लग सकते हैं। भाग्य का साथ मिलने से आपके प्रयासों को अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह को नजरअंदाज न करें, क्योंकि उनकी बात किसी महत्वपूर्ण स्थिति में आपका मार्गदर्शन कर सकती है। विवाह से जुड़ी कोई पुरानी रुकावट दूर होने से घर में खुशी का माहौल बन सकता है।

तुला

पिछले कुछ समय से चली आ रही परेशानियों और उलझनों में अब धीरे-धीरे राहत दिखाई दे सकती है। कार्यक्षेत्र में लिया गया कोई फैसला आपको दोबारा सोचने पर मजबूर कर सकता है, लेकिन यह विचार-विमर्श आपके लिए नुकसानदायक नहीं बल्कि आगे की दिशा स्पष्ट करने वाला रहेगा। दूसरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रहने के बजाय अपने निर्णय और अनुभव पर भरोसा करें। पुराना लेन-देन सुलझने की संभावना है, जिससे मन को राहत मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए भी दिन अच्छा है और उनकी मेहनत किसी उपलब्धि के रूप में सामने आ सकती है।

वृश्चिक

आज जीवन में स्थिरता के साथ आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं। घर, जमीन या संपत्ति से जुड़ी कोई योजना आगे बढ़ सकती है और लंबी यात्रा का विचार भी मन में आ सकता है। व्यापार में लाभ मिलने तथा लंबे समय से रुकी योजनाओं को दोबारा गति मिलने के संकेत हैं। जिस काम को पूरे मन और लगन से करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना मजबूत रहेगी। भाई-बहनों के साथ किसी छोटी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन बात को बढ़ाने के बजाय समझदारी से संभालेंगे तो स्थिति जल्दी सामान्य हो जाएगी।

धनु

आज जिम्मेदारियां कुछ बढ़ सकती हैं, लेकिन इन्हीं जिम्मेदारियों के जरिए आपको आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण दायित्व आपके भरोसे सौंपा जा सकता है और आपके काम से वरिष्ठ प्रभावित होंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है, जिसमें आपकी भूमिका अहम रहेगी। पुराने मित्र से अचानक मुलाकात होने पर पुरानी यादें ताजा होंगी और मन भी प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी का स्नेह या उनकी ओर से मिलने वाला कोई खास सरप्राइज आपके पूरे दिन को खुशनुमा बना सकता है।

मकर

आज लंबे समय से अटके हुए काम धीरे-धीरे पूरे होने की दिशा में बढ़ेंगे। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की संभावना से खुशी का माहौल बन सकता है। पदोन्नति या नई जिम्मेदारी को लेकर भी सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। हालांकि संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है या अतीत में लिए गए किसी निर्णय की याद मन को कुछ समय के लिए परेशान कर सकती है। फिर भी आपकी समझदारी, धैर्य और व्यावहारिक सोच आपको हर स्थिति को संतुलित तरीके से संभालने में मदद करेगी।

कुंभ

आज आप खुद को पहले की तुलना में हल्का, ऊर्जावान और उत्साहित महसूस कर सकते हैं। परिवार के लोगों के साथ नजदीकी बढ़ेगी और आपसी समझ भी बेहतर होगी। कहीं घूमने या छोटी यात्रा की योजना बन सकती है, जिससे मन में नई ऊर्जा आएगी। कोई पुराना आर्थिक मामला सुलझने से लंबे समय से बना तनाव कम होगा। व्यापार के सिलसिले में बाहर जाने का अवसर भी मिल सकता है। संतान के साथ छोटी-मोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन प्यार से बातचीत करेंगे तो बात ज्यादा देर नहीं टिकेगी।

मीन

आज आपके मन में नए विचार और योजनाएं तेजी से आकार ले सकती हैं। कुछ नया और अलग करने की इच्छा आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी, लेकिन नए लोगों पर तुरंत भरोसा करने से बचना जरूरी है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी, भले ही शुरुआत में यह आपकी अपेक्षा से थोड़ी कम लगे। दूसरों के निजी मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने से बचें। आपकी सकारात्मक सोच और रचनात्मक नजरिया आगे चलकर अच्छा लाभ दे सकता है। यदि आपका कोई पैसा किसी के पास लंबे समय से रुका हुआ है, तो उसके वापस मिलने की संभावना भी बन रही है।

Aaj Ka Love Rashifal

मेष, कर्क और सिंह राशि वालों के प्रेम जीवन में आएगी मिठास, रिश्तों में मजबूत होगा भरोसा

11 अक्तूबर 2026 का लव राशिफल जानें और जानें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के प्रेम जीवन में क्या बदलाव आ सकते हैं। पार्टनर के साथ रिश्ते, रोमांस और आपसी तालमेल के लिहाज से आज का दिन कैसा रहेगा? प्रेम और रिश्तों के लिहाज से खास संकेत लेकर आया है। दैनिक लव राशिफल के माध्यम से आप जान सकते हैं कि आज आपकी लव लाइफ कैसी रह सकती है और पार्टनर के साथ आपके संबंधों में प्यार, विश्वास और आपसी तालमेल कैसा रहेगा। कुछ राशियों के जातकों के लिए अपने साथी के साथ समय बिताने और रिश्ते को मजबूत बनाने के अवसर मिल सकते हैं,जबकि कुछ लोगों को बातचीत के दौरान धैर्य रखने और गलतफहमियों से बचने की जरूरत हो सकती है। जो लोग सिंगल हैं, उनके लिए भी नए लोगों से मिलने या किसी खास व्यक्ति के प्रति आकर्षण महसूस करने की संभावना बन सकती है।

आज का राशिफल: इन 4 राशि के लोगों को मिल सकते हैं बड़े मौके, कुछ राशियों को रहना होगा सावधान

Aaj Ka Rashifal 11 October 2026: आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा? आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन तक का हाल। आज कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन मेहनत और समझदारी से सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और जरूरतमंद की मदद करके संतोष मिलेगा। विरोधियों से सतर्क रहें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर लापरवाही न करें और समय रहते जरूरी देखभाल करें।

वृषभ राशि

आज परिवार में खुशखबरी मिलने से प्रसन्नता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में आपकी सराहना हो सकती है और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ें। अधूरे काम पूरे करने में सफलता मिल सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं।

मिथुन राशि

आज कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं। कोई खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने की संभावना है। व्यस्तता के बावजूद परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

कर्क राशि

आज सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है और लोग आपके विचारों से प्रभावित होंगे। निवेश के लिए सरकारी योजनाओं पर विचार कर सकते हैं, लेकिन नई साझेदारी में जल्दबाजी न करें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। रुके हुए धन की वापसी के मामले में धैर्य बनाए रखना आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंह राशि

आज मित्रों और परिवार के साथ आनंददायक समय बिताने का अवसर मिलेगा। किसी सामाजिक या राजनीतिक मामले में प्रगति हो सकती है।

साप्ताहिक लकी राशिफल: इस सप्ताह बनेगा लक्ष्मी नारायण योग, इन 5 राशियों को मिल सकता है बड़ा लाभ

साप्ताहिक राशिफल के अनुसार, 12 से 18 अक्तूबर 2026 के बीच लक्ष्मी नारायण योग और त्रिग्रही योग समेत कई शुभ योग बनेंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इन योगों से 5 राशियों को धन लाभ, निवेश और करियर में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

Weekly Lucky Zodiac Sign 12 To 18 October 2026: अक्तूबर का दूसरा सप्ताह कुछ राशियों के जातकों के लिए नई संभावनाएं लेकर आ सकता है। इस दौरान नौकरी, कारोबार, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कुछ लोगों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं, जबकि कारोबार से जुड़े जातकों को नए संपर्कों और योजनाओं से लाभ मिलने की उम्मीद है।वैदिक ज्योतिष के अनुसार, 12 से 18 अक्तूबर 2026 के बीच ग्रहों की स्थिति कई राशियों के जीवन को प्रभावित कर सकती है। इस अवधि में सूर्य, बुध, शुक्र, मंगल, गुरु और चंद्रमा की चाल महत्वपूर्ण रहेगी। खासतौर पर कुछ विशेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अनुकूल रहने की संभावना है। इन राशियों के लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने, आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने और रिश्तों में मधुरता लाने के अवसर मिल सकते हैं। आइए जानते हैं

बुध उदय से चमकेगा इन 4 राशियों का भाग्य, करियर में सफलता के साथ धनलाभ के भी योग

वैदिक ज्योतिष में बुध को बुद्धि, वाणी, तर्क, व्यापार और करियर का कारक ग्रह माना जाता है। 11 नवंबर 2026 को बुध उदय होने जा रहे हैं, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिल सकता है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, बुध के उदय से मेष, कन्या, तुला और धनु राशि के जातकों को करियर में तरक्की और आर्थिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं। वैदिक ज्योतिष में बुध को बुद्धि, वाणी, तर्क, व्यापार, गणना और संचार का कारक ग्रह माना जाता है। इसलिए बुध की स्थिति में होने वाला बदलाव व्यक्ति के करियर, कारोबार, आर्थिक मामलों और निर्णय लेने की क्षमता पर प्रभाव डालने वाला माना जाता है। ज्योतिष में जब कोई ग्रह सूर्य के बहुत करीब पहुंच जाता है और उसकी दृश्यता समाप्त हो जाती है, तो उसे ग्रह का अस्त होना कहा जाता है। वहीं, सूर्य से पर्याप्त दूरी बनने के बाद जब ग्रह दोबारा दिखाई देने लगता है, तो इसे उसका उदय माना जाता है। बुध अब कुछ समय अस्त रहने के बाद दोबारा उदय होने जा रहे हैं। 11 नवंबर 2026 को सुबह 5:40 बजे बुध उदय होंगे। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, बुध के उदय होने से कुछ राशियों के जातकों को करियर में आगे बढ़ने, कारोबार में नए अवसर मिलने और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए बुध का उदय खास रहने वाला है।

11 नवंबर को उदय होंगे बुध

द्रिक पंचांग के अनुसार, बुध 25 अक्तूबर 2026 को शाम 6:31 बजे अस्त होंगे। इसके बाद करीब 17 दिनों तक अस्त अवस्था में रहने के बाद 11 नवंबर 2026 को सुबह 5:40 बजे बुध उदय होंगे।

भारत बनाम वेस्टइंडीज:

रिकॉर्ड जीत से लगातार क्यों उठ रहे सवाल, इंदौर टी20 में क्या गेंदबाजों को मिले

भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के बाद टी20 में भी बल्लेबाजों का दम देखने मिला है। गेंदबाज लगातार संघर्ष कर रहे हैं और हर मैच में विशाल स्कोर बन रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजों की मददगार पिच बनाने पर सवाल उठ रहे हैं।

गुवाहाटी वनडे में 405 रन बनाकर भी वेस्टइंडीज को और फिर रांची टी20 में 249 रन बनाकर भी भारतीय क्रिकेट टीम को मात खानी पड़ी है। दोनों ही बार लक्ष्य का पीछा करने के बाद हासिल हुई जीत ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। गुवाहाटी में दूसरे वनडे में 811 रन बने, वहीं रांची के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में कुल 501 रन बने। दोनों मैचों में बने स्कोर जोड़े जाएं तो 1,312 रन गेंदबाजों ने लुटाए, जो उनके करियर के लिए नए संकट जैसा दिख रहा है। इससे भारतीय पिचों पर सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बिगड़ रहा है? यह सवाल खुद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने उठाया है। साथ ही लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी पिच का मुद्दा उठाया है। पूर्व भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा, ऐसी पिचों पर गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचता। गेंदबाजों को क्या करना चाहिए? उनके कौशल का क्या फायदा? मुझे उनके लिए बुरा लगता है, क्योंकि मैं भी एक गेंदबाज हूं। या तो पिच में गेंदबाजों के लिए कुछ इंतजाम करना होगा, या फिर बॉलिंग मशीन ही लगा देनी चाहिए। लगातार बड़े स्कोर और लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली जीत ने इस बहस को तेज कर दिया है कि क्या पिचें बल्लेबाजों के ज्यादा अनुकूल होती जा रही हैं। हालांकि, बड़े स्कोर में पिच के साथ मैदान की परिस्थितियों, ओस, गेंदबाजों की रणनीति व फील्डिंग में हुई चूक का भी असर पड़ता है। लेकिन मौजूदा सीरीज में अब तक खेले गए पांच मैचों को देखें तो पिचों पर सवाल उठना गैरवाजिब भी नहीं है। गुवाहाटी में वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में सात विकेट पर 405 रन बनाए। इतने बड़े स्कोर को भारत ने महज 43.3 ओवर में ही दो विकेट पर 406 रन बनाकर जीत लिया। इस मैच में कुल पांच शतक लगे। भारतीय टीम ने वनडे इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल किया। रांची में भी कहानी कुछ ऐसी ही रही।

भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की वनडे टीम घोषित: चयनकर्ताओं ने अलग-अलग स्क्वाड का क्यों किया चयन? रचिन की वापसी

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए कीवी टीम का एलान कर दिया है। चयनकर्ताओं ने पांच मैचों की इस सीरीज के लिए दो टीमें चुनी है। पहले तीन मैचों के बाद कुछ खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, जबकि चौथे और पांचवें वनडे के लिए इनकी जगह कुछ अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का एलान कर दिया गया है। इसमें फिन एलेन, लॉकी फर्ग्युसन और टिम सीफर्ट की वनडे टीम में वापसी हुई है। वहीं, पिछले महीने कंधे में चोट लगने के कारण टी20 सीरीज से बाहर रहने वाले रचिन रवींद्र 50 ओवरों के इन मैचों के लिए चोट से उबरकर टीम में लौट रहे हैं। न्यूजीलैंड के चयनकर्ताओं ने पांच मैचों की इस वनडे सीरीज के लिए एक विभाजित (स्प्लिट) स्क्वाड का चयन किया है।

पहले तीन वनडे के लिए टीम: मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चापमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लाथम (विकेटकीपर), डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, विल यंग, ब्लेयर टिकनर।जैकब डफी, मैट फिशर, लॉकी फर्ग्युसन, मिच हे (विकेटकीपर), निक केली, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ब्लेयर टिकनर, विल यंग।

वनडे सीरीज का कार्यक्रम

भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों प्रारूपों की सीरीज खेलेगा। टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमें पांच मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। पहला वनडे चार नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला सात नवंबर को वेलिंगटन में और तीसरा वनडे 10 नवंबर को हैमिल्टन में होगा। चौथा और पांचवां वनडे क्रमशः 13 और 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई (टौरंगा) के बे ओवल मैदान पर खेले जाएंगे।

अंतिम दो वनडे के लिए सात अन्य खिलाड़ियों को जगह

चयनकर्ताओं ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि तीसरे वनडे के बाद कुछ खिलाड़ी पहले टेस्ट मैच की तैयारी के लिए सीधे वेलिंगटन रवाना हो जाएंगे, जो कि पहले टेस्ट का वेन्यू है। इस व्यवस्था के चलते अंतिम दो वनडे मैचों के लिए सात अन्य खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। टीम के बल्लेबाज मार्क चापमैन चोट के कारण टी20 सीरीज से बाहर हो गए थे, लेकिन उन्हें वनडे टीम में शामिल किया गया है। मार्क चापमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में चोटिल हो गए थे और फिलहाल उबर रहे हैं।

सहवाग को वैभव में दिखती है अपनी झलक:

पूर्व बल्लेबाज ने सूर्यवंशी को क्या दी सलाह? बोले- वह सर्वश्रेष्ठ दौर में

भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को जमकर सराहा है। सहवाग का कहना है कि सूर्यवंशी में उन्हें खुद की झलक नजर आती है।पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी में अपनी झलक दिखती है। उन्होंने इस युवा सनसनी को भारत के लिए लंबा करियर बनाने पर ध्यान देने की सलाह दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,253 रन बनाने वाले सहवाग ने सूर्यवंशी की तारीफ की।

सहवाग बोले- पहली गेंद से शॉट मारना चाहते हैं वैभव

सूर्यवंशी ने अब तक आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 246 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 186 का रहा है, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का प्रमाण है। अपने जमाने में सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रहे सहवाग ने कहा, सूर्यवंशी इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में हैं और उनकी सोच कुछ हद तक मेरी जैसी है। वह पहली गेंद से ही बड़े शॉट खेलने के इरादे से उतरते हैं। अब यह देखना अहम होगा कि उन्हें भारत के लिए खेलने का मौका कब मिलता है और वह कितने मैच खेलते हैं।सहवाग ने कहा कि अगर कोई खिलाड़ी शीर्ष स्तर के क्रिकेट में खेलने के लिए पर्याप्त प्रतिभाशाली है, तो उसकी उम्र को लेकर चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आयु वर्ग के टूर्नामेंट में उम्र के नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन आईपीएल या भारतीय टीम में खेलने के दौरान प्रदर्शन ही सबसे ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने कहा, आप अगर किसी आयु वर्ग की प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, तो नियमों के मुताबिक आपकी उम्र 19 होनी चाहिए। अंडर-19 में खेल रहे हैं, तो आपकी उम्र 19 साल से कम होनी चाहिए। लेकिन जब आप आईपीएल या भारत के लिए खेलते हैं, तो उम्र मायने नहीं रखती। 38 या 40 साल के विराट कोहली खेल रहे हैं और 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भी। ऐसे में प्रदर्शन सबसे अहम है।न्होंने इंग्लैंड में 700 से ज्यादा रन बनाकर सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा और हाल ही में वनडे में अपना दूसरा दोहरा शतक भी लगाया। ऐसा करना आसान नहीं है।

रणजी ट्रॉफी का लेखा-जोखा: कौन बचाएगा खिताब

किन स्टार खिलाड़ियों पर रहेगी नजर और युवाओं के पास क्या है मौका

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के नए सीजन में देशभर की टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। टूर्नामेंट के पहले दौर के लिए एलीट ग्रुप-ए, बी, सी और डी के साथ प्लेट ग्रुप की टीमों के खिलाड़ियों की सूची में कई अनुभवी और युवा क्रिकेटरों को जगह मिली है। केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, रिंकू सिंह, पृथ्वी शॉ और हनुमा विहारी जैसे खिलाड़ी अपने-अपने राज्य की टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा कई युवा खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा। भारत के प्रमुख घरेलू लाल-बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी के 92वें सीजन की शुरुआत रविवार से होने जा रही है। 2026-27 सीजन में कुल 38 टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। टूर्नामेंट के पहले दौर में कई बड़े भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों की ओर से खेलते नजर आएंगे। इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी चयनकर्ताओं की नजरें रहेंगी। इस सीजन में सबसे बड़ा सवाल यह होगा कि क्या जम्मू-कश्मीर की टीम अपने खिताब का बचाव कर पाएगी। ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया के खिलाफ हार झेलने के बाद पारस डोगरा की कप्तानी वाली टीम श्रीनगर में मध्य प्रदेश के खिलाफ जीत के साथ वापसी करना चाहेगी।

केएल राहुल, जायसवाल और जडेजा समेत कई सितारों पर नजरें

रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दौर में भारतीय क्रिकेट के कई बड़े नाम अपनी घरेलू टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। कर्नाटक के लिए केएल राहुल, मुंबई के लिए यशस्वी जायसवाल, सौराष्ट्र के लिए रवींद्र जडेजा और हैदराबाद के लिए मोहम्मद सिराज मैदान पर उतरेंगे। इसके अलावा राजस्थान के मानव सुथार, तमिलनाडु के वाशिंगटन सुंदर और बंगाल के लिए मुकेश कुमार तथा आकाश दीप भी खेलते नजर आएंगे। न्यूजीलैंड के आगामी रेड-बॉल दौरे के लिए इंडिया ए टीम में शामिल होने वाले कुछ खिलाड़ियों के लिए भी यह शुरुआती दौर अहम होगा।

रणजी ट्रॉफी का यह सीजन कई अनुभवी खिलाड़ियों के लिए भारतीय टीम में वापसी का दावा मजबूत करने का अवसर होगा। मुंबई के सरफराज खान और कर्नाटक के करुण नायर अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को सादर प्रकाशित किया जाएगा।
- सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लेनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपवाकर,
बी-9, मालती भवन,
विक्रम कॉलोनी, पालना पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com

भारत के 249 रन पर भारी पड़े होप-रदरफोर्ड:

WI के नाम टी20 का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज, संजू की मेहनत गई बेकार

शाई होप की नाबाद शतकीय और शेरफेन रदरफोर्ड की अर्धशतकीय पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया। रांची में भारत ने संजू सैमसन के अर्धशतक की बदौलत पांच विकेट पर 249 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर 252 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ मेहमान टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। संजू सैमसन की 82 रन की विस्फोटक पारी और श्रेयस अय्यर-तिलक वर्मा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर भारत ने 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। शाई होप और शेरफेन रदरफोर्ड की तूफानी पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को छह विकेट से हरा दिया। रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 250 रन का लक्ष्य 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 249 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज ने 252 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान शाई होप 45 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाकर लौटे, जबकि रदरफोर्ड ने 37 गेंदों में 84 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। लगातार चार पारियों में कम स्कोर बनाने के बाद सैमसन ने शानदार वापसी करते हुए 41 गेंदों में 82 रन बनाए। उनकी पारी में नौ चौके और चार छक्के शामिल रहे।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300